## रक्षा मंत्री अशोक लेलैंड की ईवी निर्माण यूनिट के उद्घाटन पर बोले, विकसित भारत का रास्ता यूपी से होकर जाता है

# भारत अब अपने हथियार खुद बना रहा: राजनाथ

**संबोधन**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत अब कमजोर राष्ट्र नहीं है। वह अपने हथियार खुद बना रहा है। आपरेशन सिंदूर ने सभी ने ब्राह्मोस मिसाइल की क्षमता देखी है। यह मिसाइल अब विदेश से बनकर नहीं आ रही। यह लखनऊ में बन रही है। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने इसमें काफी योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश लगातार में 34000 हजार करोड़ का निवेश डिफेंस क्षेत्र में आया है और उत्तर प्रदेश इसमें लगातार आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 'एयरोस्पेस एवं रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीत' बनाई है। इसका लाभ मिल रहा है।

राजनाथ सिंह प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को अशोक लेलैंड कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माण की नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। यह यूनिट न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश को भी स्वच्छ, हरित परिवहन और भविष्य की तकनीक के विकास में अग्रणी बनाएगी। साथ ही युवाओं को अपने ही राज्य में रोजगार के साथ ईवी की भविष्य की तकनीक में स्किल डेवलपमेंट प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने वर्ष 2047 में विकसित भारत का जो लक्ष्य तय किया है, उसका रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही जाएगा। विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर ही जाता है। डिफेंस निर्माण के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश सेना के लिए गोला-बारूद से लेकर एयरक्राफ्ट और ब्रह्मोस जैसी मिसाइल का निर्माण कर रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस इकाई की स्थापना में जहां 60 महीने लगने थे, वहां आप सभी ने मिलकर रिकॉर्ड 18 महीने में इसे पूरा कर लिया। इसके लिए हिंदुजा ग्रुप, अशोक लेलैंड और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निःसंदेह प्रशंसा के पात्र हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को प्लांट से पहले ईवी को झंडी दिखाकर रवाना किया।

**रक्षा मंत्री ने सीएम योगी की तारीफ की**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश, जो कभी बीमारू राज्य कहा जाता था, जो गुंडों और अपराधियों के नाम से पहचाना जाता था, आज वहां उद्योग की बड़ी-बड़ी इकाइयां स्थापित हो रही हैं। इसके लिए मैं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देना चाहूंगा। उन्होने जिस तरह से प्रदेश की कानून-व्यवस्था और औद्योगिक निवेश के लिए सकारात्मक माहौल तैयार किया है, वह प्रशंसनीय है।

## यूपी ने एफडीआई, फार्चून-500 को आकर्षित किया

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले पहचान का संकट था। प्रदेश उपद्रव से ग्रस्त था, लेकिन वर्तमान में यूपी उत्सव का प्रदेश है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि इसने खुद को रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया है। फियरलेस बिजनेस, ईज आफ डूइंग बिजनेस व ट्रस्ट आफ डूइंग बिजनेस नए यूपी की पहचान बने हैं। प्रदेश में अब 34 सेक्टरियल पालिसी हैं, जिनके माध्यम से उद्यमी किसी भी सेक्टर में निवेश करके यूपी की विकास यात्रा में योगदान दे सकते हैं। कहा, 2017 के पहले यूपी में एफडीआई का अंश ऊंट के मुंह में जीरा जैसा था, लेकिन आज यूपी ने अपनी पालिसी के माध्यम से एफडीआई व फार्चून-500 को आकर्षित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश मित्र, निवेश सारथी व उद्यमी मित्र प्रणाली के माध्यम से हम विभागीय स्वीकृतियों, समन्वय व सतत हैंड होल्डिंग को सुनिश्चित कर रहे हैं। परिणाम है कि आटो कंपोनेंट व ईवी इकोसिस्टम में यूपी तेजी से आगे बढ़ा है। 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर ईवी बाजार में यूपी की भागीदारी 19 फीसदी थी। यूपी फेम वन व फेम टू का प्रमुख लाभार्थी है।

### इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को गति :कुमारस्वामी

अशोक लेलैंड कंपनी के ईवी विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि यह ईवी प्लांट देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को गति देने, युवाओं को रोजगार देने में मददगार साबित होगा और इसे गति देगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में आए बदलाव व बढ़े निवेश की सराहना की।